Dabang Dunia (Indore), 09th February 2022, Page - 08

# उज्जैन में आईआईटी बनते देखना चाहता हूं- डॉ.यादव

## उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.यादव ने वार्षिक पुस्तिका प्रज्ञा का विमोचन किया



**उज्जैन।** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.मोहन यादव ने मंगलवार को शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय के सभाकक्ष में महाविद्यालय की वार्षिक पुस्तिका प्रज्ञा के 52वे अंक का विमोचन किया। इसके अलावा इण्डस्ट्रियल अकेडेमिक कोलेबोरेशन पोस्टर का भी विमोचन किया। डॉ.यादव ने कहा मेरा सपना है कि उज्जैन में आईआईटी बने।

इस अवसर पर मंत्री डॉ.यादव ने कहा कि शुरू से ही महाविद्यालय के वार्षिक पत्रिका विद्यार्थियों को प्रज्ञावान बनाने में सहायक सिद्ध होती रही है। माधव विज्ञान महाविद्यालय विकास की दृष्टि से वर्तमान में सर्वोच्च स्थिति में है। आने वाले समय में इसका क्षेत्रफल बढ़ाया जायेगा। यहां कन्या छात्रावास प्रारम्भ होगा। महाविद्यालय द्वारा उज्जैन के विद्यार्थियों के लिये यूपीएससी और पीएससी की कोचिंग प्रारम्भ की जाए, ऐसी अपेक्षाएं है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा माधव विज्ञान महाविद्यालय में विज्ञान सम्मेलन भी समय-समय पर आयोजित किया जाए। इसके प्रयास किये जा रहे हैं। डॉ.यादव ने कहा कि वे उज्जैन में आईआईटी बनते हुए देखना चाहते हैं। विमोचन के अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व छात्रों की बैठक भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में स्वागत भाषण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अर्पण भारद्वाज ने दिया। उन्होंने पॉवर पाइंट प्रजेंटेशन से जानकारी दी कि शासकीय माधव विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय उच्च शिक्षा विभाग का उत्कृष्ट संस्थान है। हाल ही में इसे नेक द्वारा ए प्लस ग्रेड प्रदाय किया गया है। डॉ.भारद्वाज ने जानकारी दी कि आने वाले समय में माधव विज्ञान महाविद्यालय के परिसर में 20 करोड़ रुपये की लागत से विशाल ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। साथ ही ओपन एयर ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। महाविद्यालय में स्पोर्ट्स सुविधाएं भी बढ़ाई जायेंगी। समापन पर अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इस दौरान महाविद्यालय का स्टाफ और पूर्व छात्र मौजूद थे।